प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 31.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज सुबह 11 बजे अपने विचार साझा करेंगे।

- वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत पांच दिनों में 7 लाख 30 हजार से अधिक जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम हुए।

- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ ने मौसम का मिजाज बदला–कई जिलो में रेतीले बवंडर और अंधड के साथ बरसात।

- विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज–प्रदेश के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर तंबाकू निषेध परामर्श सत्रों का आयोजन।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। पेश है न्यूज डेस्क से मन की बात कार्यक्रम पर डॉ. सालेहा गाज़ी की रिपोर्ट–

00000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय नौसेना ने ऑपरेशन सिूदंर के दौरान पूरी पाकिस्तानी नौसेना को उसके बंदरगाहों तक ही सीमित रहने के लिए विवश कर दिया था। लखनऊ में नौसेना शौर्य वाटिका के उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिूदंर के दौरान पाकिस्तान पर दबाव बनाने में नौसेना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह शौर्य वाटिका खुला नौसेना संग्रहालय है। श्री सिंह ने बताया कि नौसेना को दुश्मन पर निरन्तर दबाव बनाए रखने के लिए पूरी तैयारी और ताकत के साथ अरब सागर में तैनात किया गया था।

00000

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में सीपीग्राम्स के लिए एआई–सक्षम वॉयस चैटबॉट 'समाधान दीदी' का शुभारंभ किया। यह चैटबॉट लोगों को संवादात्मक इंटरफेस के माध्यम से लोक शिकायतें दर्ज कराने में सक्षम बनाता है। डॉ. सिंह ने समाधान दीदी को सरकार की शिकायत निवारण प्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि समाधान दीदी वर्तमान में सभी 22 अनुसूचित भारतीय भाषाओं में काम करता है। डॉ सिंह ने बताया कि एआई और तकनीक के उपयोग के कारण लोक शिकायतों की संख्या में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है।

00000

फुलेरा के पास हिरनोदा गांव में थार ड्राइपोर्ट बनाया गया है। उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड ने कल इसका उद्घाटन किया। ये हस्ती पेट्रो केमिकल और शिपिंग लिमिटेड एचपीसीएसएल की इकाई है। इससे सड़क और रेल मार्ग के जरिये कंटेनर आवागमन की बेहतरीन सुविधा मिलेगी। इस परियोजना से प्रदेश में लॉजिस्टिक्स औद्योगिक विकास और निर्यात गतिविधियों को बढावा मिलेगा।

00000

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 2026 जन आंदोलन का रूप ले रहा है। अभियान के तहत पांच दिनों में सात लाख तीस हजार से अधिक स्थानों पर जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके है। इनमें 92 हजार से ज्यादा जल स्त्रोतों और 42 हजार से अधिक सरकारी भवनों की सफाई की गई। 52 हजार से अधिक स्थानों पर श्रम दान किया गया। वहीं हरियालो राजस्थान में पौधरोपण के लिए 36 हजार से ज्यादा पिट खोदे गये। साथ ही करीब 32 हजार कलश यात्राएं निकाली गई। अभियान के तहत आज प्रभात फैरी, रैली, श्रमदान, बावडियो की साफ सफाई करने के साथ ही नो–प्लास्टिक डे मनाया जायेगा। वहीं कल खेती संबंधी कार्यशालाएं और प्रदर्शनियां होंगी।

00000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ ने मौसम का मिजाज बदला। इससे सीकर, चूरू, हनुमानगढ, श्रीगंगानगर, बीकानेर और अलवर में रेत का बवंडर आया। इस दौरान 70 से 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवायें चली और समूचे वातावरण में धूल का गुबार छा गया। पीली काली आंधी से दिन के समय ही अंधेरा हो गया तथा जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। तेज अंधड से कई जगह घरों और औद्योगिक क्षेत्रों में लगे टीनशेड और सोलर पैनल उड़ गये। विभिन्न स्थानों पर पेड़ गिर गये और बिजली सप्लाई प्रभावित हुई। वहीं खरीद केन्द्रों पर रखी गेहूं की बोरियां भीग गई। उधर अजमेर, भीलवाडा, जोधपुर, चूरू, बारां में अंधड के साथ बारिश हुई। जयपुर जिले में ग्रामीण इलाकों में बरसात के साथ ओले भी गिरे। बरसात से तापमान में 5 से 7 डिग्री तक की गिरावट आई है। मौसम विभाग ने आज 11 शहरों में आंधी बरसात का ऑरेंज अलर्ट बताया है।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत की आत्मा साहित्यकारों में बसती है। साहित्य केवल शब्दों का सृजन नहीं है बल्कि संस्कृति, ज्ञान और आध्यात्मिक चेतना का संवाहक है। श्री बिरला कल कोटा में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के महा अधिवेशन में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने लेखको से प्राचीन साहित्य कृतियों के डिजिटलीकरण करने का आग्रह किया, जिससे भारतीय ज्ञान परम्परा को नई पीढी तक पंहुचाया जा सके।

00000

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। यह दिन तंबाकू के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण वैश्विक पहल का हिस्सा है। इस वर्ष का विषय–अपील का अनावरण–निकोटीन और तंबाकू की लत से निपटना है। इस उपलक्ष्य में प्रदेश में 22 मई से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। 30 मई तक चलाये गये इस अभियान में दो हजार से ज्यादा चालान किये गये। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सार्वजनिक स्थलों पर धुम्रपान निषेध, शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक सहित अन्य प्रावधानों के तहत कार्रवाई की। आज प्रदेश के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर तंबाकू निषेध संबंधी परामर्श सत्र रखे गये है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने लोगों से तंबाकू, सिगरेट, हुक्का और अन्य नशों से दूर रहने और स्वस्थ जीवन जीने की अपील की है।

00000

आई.पी.एल. क्रिकेट में आज रॉयल चैलेन्जर्स बैंगलुरू और गुजरात टाइटन्स के बीच खिताबी टक्कर होगी। ये फाइनल मैच शाम साढे सात बजे से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा।

00000